4. **जेसी-412922 सूबेदार इन्द्र बहादुर पुन, चौथी बटालियन, पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 19 जून, 2008)

19 जून 2008 को सूबेदार इन्द्र बहादुर पुन को अपने दस्ते के साथ नांगी टेकड़ी बटालियन क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठियों की आवाजाही को रोकने के लिए एम्बुश में तैनात किया गया था।

लगभग 1140 बजे, सूबेदार इन्द्र बहादुर ने नियंत्रण रेखा को पार करते हुए चार व्यक्तियों को देखा। ज्योंहि घुसपैठिए मारक क्षेत्र में पहुंचे उन्होंने उनको ललकारा। घुसपैठियों ने तुरंत उन पर गोलीबारियों की बौछार कर दी। सूबेदार इन्द्र बहादुर अपनी जगह पर डटे रहे तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए तीन घुसपैठियों को मार गिराया। लगभग 1245 बजे पाकिस्तानी चौकी से छह से सात व्यक्ति उनकी मदद करने/घायलों को सुरक्षित बचाने के लिए दौड़ते हुए दिखाई दिए। नियंत्रण रेखा को पार न करने की चेतावनी की अनसुनी करने पर सूबेदार इन्द्र बहादुर ने नियंत्रण रेखा के पार से हो रही सघन गोलीबारी के बीच अन्य दो व्यक्तियों को मार गिराया। बाद में घुसपैठियों के शवों को बरामद करने के बार-बार के प्रयासों को सूबेदार इन्द्र बहादुर ने विफल कर दिया।

सूबेदार इन्द्र बहादुर पुन ने घुसपैठियों का सामना करते हुए कर्त्तव्य से बढ़कर उत्कृष्ट वीरता, दृढ़निश्चय एवं साहस का प्रदर्शन किया।

5. **2791244 हवलदार राले संतोश तानाजी, मराठा लाइट इन्फैंट्री/56 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 23 अगस्त, 2008)

हवलदार राले संतोश तानाजी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के सामान्य क्षेत्र में तैनात 56 राष्ट्रीय राइफल की घातक प्लाटून के सेक्शन कमांडर थे।

23 अगस्त 2008 को, हवलदार राले संतोश तानाजी ने कुछ भागते हुए आतंकवादियों को देखा। उन्होंने अपने सेक्शन का पुनर्गठन किया और आतंकवादियों पर कारगर गोलीबारी शुरू की। आतंकवादी जोखिमपूर्ण ऊबड़-खाबड़ पत्थरों के पीछे छुप गए और भारी गोलीबारी की। वे अपने सेक्शन की गोलीबारी की आड़ में एक अप्रत्याशित दिशा में छुपे हुए आतंकवादियों के निकट पहुंच गए और दो आतंकवादियों को अत्यंत निकट से गोली मार दी और एक अन्य को घायल कर दिया। अगले तीनों दिन खोज चलती रही, व्यक्तिगत सुरक्षा को अत्यंत जोखिम में डालकर वह अन्य घायल आतंकवादी के पास खतरनाक ढंग से पहुंच गए जिसने अपने आप को चोर फंदा में छिपा रखा था तथा उस आतंकवादी को गोली मार दी।

हवलदार राले संतोश तानाजी ने आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए अदम्य साहस, असाधारण कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा एवं निस्वार्थता का प्रदर्शन किया।

6. **आईसी-52871 लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ सिंह शेखावत, शौर्य चक्र, सेमे, विसेमे, 21 बटालियन पैराच्यूट रेजिमेंट (विशेष बल)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 08 सितंबर, 2008)

मणिपुर में तैनाती के कुछ ही दिनों के अंदर, 21 पैरा (विशेष बल) के टीम लीडर लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ सिंह शेखावत ने मणिपुर के बिशनपुर जिले में अब तक आतंकवादियों की शरण स्थली रहे एक आतंकवादी कैम्प के बारे में पता लगाने के लिए एक नायाब आसूचना नेटवर्क की स्थापना की । 45 दिनों की सतत निगरानी, योजना एवं प्रशिक्षण के बाद, उन्होंने लक्ष्य को नष्ट करने के लिए एक ऐतिहासिक ऑपरेशन प्रारंभ किया और राष्ट्रीय समाचार की सुर्खियों में आ गए।

08/09 सितंबर 2008 की रात को, अपनी निगरानी टुकड़ी के मार्गदर्शन में टीम लीडर ने घास-फूस से ढके पानी में नावों/गोताखोरों को सफलतापूर्वक मार्गनिर्देशन दिया और खामोशी से अपने दल को लक्षित द्वीप के निकट तैनात किया । सुबह होते ही खामोशी के साथ वे सफलतापूर्वक अपने आक्रमण दल के साथ तैरकर द्वीप में पहुंच गए । तथापि, स्तब्धता टूट गई और आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी । शत्रु की गोलीबारी से निडर होकर और चुस्ती-फुर्ती खोए बिना अधिकारी अपनी सेना के साथ जवाबी गोलीबारी के साथ आगे बढ़े और रणनीतिक ढंग से निकट पहुंच गए। उनकी सटीक गोलीबारी से दो आतंकवादी तुरंत मारे गए । बाकी आतंकवादियों ने, जो अभी भी अपने झोंपड़ियों में थे, आड़ के पीछे से गोलीबारी की । साथ-साथ कुछ आतंकवादियों ने बगल से भारी कैलिबर हथियारों से गोलीबारी कर दी । इससे उनके लोग खुले में घिर गए । इस खतरनाक स्थिति को देखकर अफसर अपने साथियों के साथ चलती हुई गोलियों की परवाह किए बिना और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा का ध्यान किए बिना दौड़कर आतंकवादियों की गोलीबारी के सामने खुले में आ गए । इस प्रक्रिया में उन्होंने एक और आतंकवादी को मार गिराया और उनके ध्यान को मोड़कर अपने कार्मिकों को हताहत होने से रोक दिया । इस कार्य ने बाकी आक्रमण दल को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अन्य आतंकवादियों को भी निष्क्रिय कर दिया।

लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ सिंह शेखावत ने आतंकवादियों से लड़ते हुए निकट भिडंत की स्थितियों में दृढ़संकल्प नेतृत्व गुण, अनुकरणनीय मिशन समर्पण भाव, अदम्य साहस एवं सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया।

7. **4364533 नायक तापे याजो, 1 असम रेजिमेंट (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 21 सितंबर, 2008)

नायक तापे याजो, 21 से 26 सितंबर 2008 तक संचालित ऑपरेशन कलास के दौरान कलास वन की घनी झाड़ियों से ढके अंतःप्रवेश का सफाया करने के लिए प्रारंभ किए गए तलाशी दल के अग्रणी स्काउट थे।

तलाशी के दौरान, नायक तापे ने घने झाड़-झंखाड़ में एक चट्टान के पीछे छिपे हुए एक आतंकवादी को देखा । वह रेंग करके आतंकवादी के निकट पहुंच गए और उसको रोक दिया । नायक तापे ने गोलीबारी कर रहे इस आतंकवादी को निकट से गोलीबारी करके मार डाला । इस कार्रवाई के कारण एक दूसरी चट्टान के पीछे छिपे हुए एक दूसरे आतंकवादी ने तीव्र गोलीबारी एवं हथगोलों से आक्रमण शुरू किया । तीव्र गोलीबारी एवं छर्रों की चोटों के बावजूद, नायक तापे घने झाड़-झंखाड से रेंग कर आतंकवादी के निकट पहुंच गए और एक हथगोले से उसको मार डाला । इससे वह एक तीसरे आतंकवादी की गोलीबारी के सामने आ गए । अत्यधिक रक्तस्राव एवं अपने क्षतिग्रस्त हथियार से, नायक तापे ने अपने डाह के साथ आतंकवादी पर प्रहार किया और आतंकवादी की तीव्र गोलीबारी से गिर गया।

नायक तापे ने आतंकवादियों को मार गिराने में उत्कृष्ट बहादुरी एवं अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दिया ।

8. <u>आईसी-53634 लेफ्टि. कर्नल ओसिरिस दास, कुमाऊं रेजिमेंट/13 राष्ट्रीय राइफल</u>

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 23 सितंबर, 2008)

22 सितंबर 2008 को लेफ्टि. कर्नल ओसिरिस दास को झेलम नदी के किनारे स्थित घात टुकड़ियों के बारे में सूचना मिली । 2300 बजे, आतंकवादियों के रास्ते के बारे में संदेह होने पर अफसर ने तुरंत नदी के पुल में अतिरिक्त घात टुकड़ियों को तैनात किया और अपने साथी के साथ प्रवेश द्वार पर तैनात हो गए।

23 सितंबर 2008 को 0300 बजे अफसर ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को पास आते हुए देखा। सिविल लोग हताहत न हों इससे बचने एवं स्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अफसर ने पूरे आश्चर्य के साथ दल को पार करने दिया और पुल के दूसरी ओर स्थित दल को सचेत किया। ललकारे जाने पर स्रोत सुरक्षा के लिए आगे बढ़े, जबकि दो आतंकवादी पीछे की ओर भागे । व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, साहस एवं दृढ़ता दर्शाते हुए, कोई प्राकृतिक आड़ न मिलने पर आतंकवादियों को भाग जाने से रोकने के लिए अफसर बाहर निकलकर आए । फंसने पर आश्चर्यचकित होकर, आतंकवादियों ने निकट से गोलीबारी करके अफसर को घायल कर दिया । उनके साथी ने तुरंत आतंकवादियों को घेर लिया और अफसर को बचा लिया । असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए, घावों की परवाह किए बिना और सामरिक कौशल का परिचय देते हुए अफसर पांच मीटर और निकट आए तथा अचूक गोलीबारी करके आतंकवादियों को मार गिराया।

लेफ्टि. कर्नल ओसिरिस दास ने दो आतंकवादियों को मार गिराने में असाधारण बहादुरी, उत्कृष्ट पेशेवर कौशल एवं विश्लेषणात्मक उपागम का प्रदर्शन किया।

9. **श्री शशांक चन्द्रसेन शिन्दे, पुलिस इंस्पेक्टर, महाराष्ट्र पुलिस (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 26 नवंबर, 2008)

26 नवंबर 2008 को पूरी तरह से हथियारों से लेस दस आतंकवादियों ने मुम्बई के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर एक साथ आक्रमण प्रारंभ किया। श्री शशांक चन्द्रसेन शिन्दे, पुलिस इंस्पेक्टर जो, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात थे, वहां से लगभग 20 मीटर की दूरी पर स्थित मुख्य हॉल से गोलीबारी तथा धमाकों की आवाज सुनाई दी । वे तुरंत अन्य पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने एटीएम केंद्र के पास मुख्य हाल में गोलीबारी कर रहे एक आतंकवादी को देखा। उन्होंने एक दीवार के पीछे आड़ ली तथा अपने 9.मि.मी. पिस्तौल की रेंज में आतंकवादी के आने की प्रतीक्षा की । बिल्कुल निकट से आक्रमण करने के उद्देश्य से वे एटीएम केंद्र की ओर आगे बढ़े ऐसा करते समय आतंकवादियों से उनकी भिडंत हो गई तथा श्री शिन्दे को चार गोलियां लगी और वे गिर गए।

श्री शशांक चन्द्रसेन शिन्दे ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अनुकरणीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया तथा अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

10. **श्री अरुण राघोनाथ चिट्टे, कांस्टेबल, अपराध शाखा अपकर्षण सेल, मुम्बई (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 26 नवंबर, 2008)

26 नवंबर 2008 को अपराध शाखा के अपकर्षण सेल, मुम्बई के साथ तैनात पुलिस कांस्टेबल श्री अरुण राघोनाथ चिट्टे मेट्रो जंक्शन पर थे जब उन्हें संदेश मिला कि आंतकवादी श्री करकरे, संयुक्त कमिश्नर के दल पर घात करके एक पुलिस वाहन में उनकी तरफ आ रहे थे । श्री चिट्टे ने उधर इकट्ठे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तुरंत आगाह किया । आतंकवादियों ने वहां पहुंचते ही लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी । यह देखकर श्री चिट्टे ने आगे बढ़कर आतंकवादी की राइफल छीनने की कोशिश की मगर उन पर गोलीबारी कर दी गई।

श्री अरुण राघोनाथ चिट्टे ने प्रतिकूल परिस्थितियों में धैर्य एवं अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

11. **श्री अम्बादास रामचन्द्र पवार, कांस्टेबल, सुरक्षा शाखा, पी-1, महाराष्ट्र पुलिस (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 26 नवंबर, 2008)

26 नवंबर 2008 को श्री अम्बादास रामचन्द्र पवार, पुलिस कांस्टेबल, सुरक्षा शाखा, पी-1, मुम्बई में तैनात थे । वे अपनी रात्रि ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे, तब उन्होंने छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन पहुंचते ही इधर-उधर भागते हुए यात्रियों को देखा और गोलीबारी की आवाज सुनी। सिविल वर्दी में और बिना हथियार के होने पर भी, उन्होंने स्थिति को भांपा और अपनी जान की परवाह किए बिना यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए सावधान किया । जब आतंकवादियों ने श्री पवार को यात्रियों को सुरक्षित जगह पर जाने के लिए मार्गदर्शन करते हुए देखा तो उनमें से एक ने उन पर गोलीबारी करके घातक रूप से घायल कर दिया। अविचलित रहते हुए घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने तक उन्होंने अपना कार्य जारी रखा।

श्री अम्बादास रामचन्द्र पवार ने कई लोगों का जीवन बचाते समय प्रतिकूल परिस्थितियों में अनुकरणीय साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया और अपने जीवन का बलिदान कर दिया ।

12. **श्री मुकेश भीकाजी जाधव, होम गार्ड, महाराष्ट्र (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 26 नवंबर, 2008)

26 नवंबर 2008 को श्री मुकेश भीकाजी जाधव, होम गार्ड सदस्य, आतंकवादी हमले के समय छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा ड्यूटी कर रहे थे । उन्होंने स्थिति को भांपा तथा जीवन के प्रति खतरे की परवाह किए बिना सुरक्षित स्थान पर चले जाने के लिए यात्रियों को सचेत करने लगे । जब आतंकवादियों ने श्री जाधव को यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए मार्गदर्शन करते देखा तो उनमें से एक ने उन पर गोली चलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया । अपने गंभीर घावों से घबराए बिना उन्होंने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा रेंगकर रेलवे पुलिस स्टेशन पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी दी।

श्री मुकेश भीकाजी जाधव ने अनुकरणीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया तथा बहुत से लोगों का जीवन बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान किया।

13. **15318999 सैपर वी सतीश, इंजीनियर्स कोर/51 विशेष कार्रवाई दल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 28 नवंबर, 2008)

28 नवंबर 2008 को सैपर वी सतीश उस दल में शामिल थे जो नरीमन हाउस, मुम्बई के बाहर अंतरारोधन ऑपरेशन कर रहा था जहां पर आतंकवादियों ने विदेशी राष्ट्रिकों सहित बहुत से लोगों को मार दिया था।

जब उनकी टीम चौथी मंजिल पर आतंकवादियों की तलाश कर रही थी तब टीम पर एक कमरे में छिपे आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी हो गई । चूंकि कमरे के अंदर आतंकवादियों की वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं थी इसलिए उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करके स्वेच्छा से सामने आकर आतंकवादियों को ललकारा तथा ऐसा करते समय उन पर आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई जिससे उनकी वास्तविक स्थिति का पता लग गया।

जब उनके टीम कमांडर ने दीवार में से प्रवेश की योजना बनाई तब फिर से वे स्वेच्छा से दीवार पर इम्प्रोवाइज्ड चार्ज लगाने के लिए गोलीबारी के बीच सीढ़ियों से नीचे गए । विस्फोट के तुरंत बाद, सैपर सतीश विस्फोट से बने रास्ते से कमरे के अंदर कूद गए जिससे आतंकवादी की गोलीबारी के सामने आ गए । गोलीबारी के बीच गोलियां बरसाते हुए उन्होंने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा आतंकवादी पर टूट पड़े और उसे बिल्कुल नजदीक से मार गिराया।

सैपर वी सतीश ने आतंकवादियों के विरुद्ध ऑपरेशन में नेतृत्व प्रदान करते समय असाधारण वीरता, उत्कृष्ट युद्धक हुनर तथा अदम्य युद्ध भावना का प्रदर्शन किया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 29-प्रेज़/2009- राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए **"शौर्य चक्र-बार"** प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :-

1. **जीएस-108767डब्ल्यु ऑपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी-II जालिम सिंह, शौर्य चक्र**
सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 अप्रैल, 2008)

16 अप्रैल 2008, को उत्तरी सिक्किम के थेईंग रोड पर एक भारी भूस्खलन हुआ। उसी समय टैंकों की सैन्य टुकड़ियों की निर्बाध आवाजाही के लिए सड़क को खुला रखने के लिए सेना की संक्रियात्मक जरूरत थी। थेईंग गांव के पास सड़क क्षेत्र ऊबड़-खाबड़ है जिसमें अनियमित अंतरालों

सहित लुढ़कते खड़ी चट्टानें तथा पत्थर हैं जिसकी वजह से सड़क स्थल को खोलना बहुत खतरनाक हो गया।

एक परिपक्व, साहसी तथा समग्र रूप से पेशेवर सैनिक, ओईएम-II जालिम सिंह रात्रि होने से पहले सेना तथा सिविल यातायात के लिए तुरंत सड़क खोलने के महत्व को समझ गया। 16 अप्रैल 08 को 1400 बजे जब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि लुढ़कते पत्थर गिरना बंद हो गए तो व्यक्तिगत जीवन की बिल्कुल भी परवाह किए बिना उन्होंने स्वेच्छा से कर्त्तव्यपरायणता के आह्वान को स्वीकार किया तथा अपने डोजर से भूस्खलन को साफ करने में जुट गए। 1600 बजे वे एक गिरते पत्थर से गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी वजह से वे बाद में उसी दिन 1730 बजे वीरगति को प्राप्त हो गए।

ऑपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी-II जालिम सिंह, ने बेहद प्रतिकूल परिस्थिति में साहस तथा वीरता का प्रदर्शन किया तथा ड्यूटियों का निष्पादन करते समय सर्वोच्च बलिदान दिया।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

संख्या 30-प्रेज/2009- राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए **"शौर्य चक्र"** प्रदान करने का अनुमोदन करती हैं :-

1. **जी/5008845 राइफलमैन थोदम सुनिल सिंह, 32 असम राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 नवंबर, 2007)

30 नवंबर, 2007 को मेजर राजिन्दर कुमार शर्मा को मणिपुर के सामान्य क्षेत्र में सशस्त्र आतंकवादियों के हरकत करने की एक विशिष्ट सूचना मिली। उन्होंने सशस्त्र आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए पूर्वी इम्फाल पुलिस के कमाण्डो के साथ तुरंत संयुक्त ऑपरेशन शुरू किए। टीम संदिग्ध स्थल पर पहुंची तथा घरों की तलाशी लेना शुरू कर दिया। सैनिकों को अपनी तरफ आते देख छिपे आतंकवादियों ने घर के पीछे आड़ ले ली तथा यह सोच कर कि वे सुनियोजित महाजाल से बच निकलने में असमर्थ हैं, भयभीत होकर तलाशी पार्टी पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। तीव्र प्रतिक्रिया करते हुए राइफलमैन थोदम सुनिल सिंह व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों को प्रभावी ढंग से उलझाने के लिए गोलीबारी की स्थिति की ओर आगे बढ़े। जब आतंकवादियों ने इनके साथ उलझे रहना जारी रखा तो इस युवा सैनिक कर्त्तव्यपरायणता से बढ़कर पहलशक्ति तथा साहस का प्रदर्शन करते हुए डटे रहे तथा अच्छी तरह से आड़ लिए आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा बिल्कुल नजदीक से दोनों को गोली मार दी।

राइफलमैन थोदम सुनिल सिंह ने शत्रु के साथ लड़ाई में अदम्य साहस, वीरता तथा अत्यंत कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया गया।

2. **श्री प्रीतम लाल, कंडक्टर, दिल्ली परिवहन निगम (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 फरवरी, 2008)

04 फरवरी, 2008 को दिल्ली परिवहन निगम की बस के कंडक्टर, श्री प्रीतम लाल ड्राइवर श्री सोमवीर सिंह के साथ दिल्ली-मेरठ बस में ड्यूटी पर तैनात थे। जब बस गंग-नहर, मुरादनगर के निकट से गुजर रही थी उस समय एक सशस्त्र व्यक्ति अपनी सीट से उठा और ड्राइवर के पास जाकर बस रोकने के लिए कहने लगा। जब ड्राइवर ने विरोध किया तो उसने पिस्तौल निकालकर उनके सिर पर तान दी।

श्री प्रीतम लाल, जो कि अगली सीट पर बैठे थे, तुरंत खड़े हुए तथा बंदूक ताने हुए व्यक्ति के साथ भिड़ गए। इस हाथापाई के दौरान शरारती तत्व द्वारा चलाई गई गोली ड्राइवर को लगे बिना सामने की खिड़की की दाईं तरफ से बाहर निकल गई। तथापि, शरारती तत्व द्वारा चलाई गई दूसरी गोली श्री प्रीतम लाल के माथे में लगी तथा वह नीचे फर्श पर गिर गए। बस में यात्रा कर रहे एक पुलिस कांस्टेबल ने शरारती तत्व को पकड़ने की कोशिश की परंतु उस पर भी लुटेरे के साथी ने गोली चला दी । लुटेरों ने एक यात्री का धन का थैला छीन लिया तथा बस के पीछे आ रही एक कार में भाग गए । श्री प्रीतम लाल को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

श्री प्रीतम लाल ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना शरारतियों से टक्कर लेने में अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया तथा इस कार्रवाई के दौरान अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

3. **4579259 सिपाही रविन्द्र शर्मा, 12 महार रेजिमेंट**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 फरवरी, 2008)

22 फरवरी, 2008 को आसूचनाओं के आधार पर आतंकवादियों का सफाया करने के लिए अत्यधिक ठंड तथा बर्फानी तूफान में बर्फ से पटी हुई नियंत्रण रेखा बाड़ के आगे घात टुकड़ियां लगाई गई। 0305 बजे घात टुकड़ियों ने गोलीबारी शुरू की। जब सिपाही रविन्द्र शर्मा ने अपने साथी को एकदम से एक तरफ धकेल दिया तथा आतंकवादी से टक्कर लेकर उसे मार गिराया। फिर उन्होंने खड़े भूस्खलन वाले नाले की तरफ भाग रहे दूसरे आतंकवादी का पीछा किया। ऐसा करते समय उन्होंने आतंकवादी की तरफ से फेंके गए हथगोले तथा एके-47 से दागी गई गोलियों से बचने में शानदार युद्ध

कला का इस्तेमाल किया। उन्होंने अत्यंत साहस तथा सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया तथा नजदीक से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

सिपाही रविन्द्र शर्मा ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अनुकरणीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।

4. **आईसी-60439 मेजर चिराग सिंह बड़क, मेकनाइज्ड इन्फैंट्री/24 असम राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 फरवरी, 2008)

सात माह से थोड़े से अधिक समय के छोटे से कार्यकाल में मेजर चिराग सिंह बड़क के अडिग दृढ़निश्चय, तुरंत योजना बनाने तथा संकल्पकृत कार्य निष्पादन तथा अपने व्यक्तियों का आगे रहकर नेतृत्व करने के परिणामस्वरूप नौ दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने, बीस आतंकवादियों की गिरफ्तारी, चौदह हथियारों की बरामदगी तथा बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान प्राप्त करने में सहायक रहे।

मेजर बड़क को आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर घात टुकड़ी लगाने के लिए कहा गया था । लम्बे इंतजार के बाद 23 फरवरी, 2008 को 0430 बजे सामान्य क्षेत्र सीमा बुर्जी में मेजर सी एस बड़क ने हस्त धारित थर्मल इमेजिंग दृश्य यंत्र से म्यांमार से भारत में अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार कर रहे आतंकवादियों की गतिविधि का पता लगाया । असाधारण निर्णय तथा पहल शक्ति का प्रदर्शन करते हुए वे अपने व्यक्तियों के साथ घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों को रोकने के लिए शीघ्र गए । ज्योंहि दस्ता आगे बढ़ रहा था आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी तथा बच निकलने की फिराक में म्यांमार की तरफ भागना शुरू कर दिया ।

शत्रु की निर्बाध तथा अचूक गोलीबारी से निर्भीक रहते हुए उन्होंने निकट की लड़ाई में आतंकवादियों से टक्कर ली। अत्यधिक बहादुरी तथा अनुकरणीय साहस की कार्रवाई करते हुए उन्होंने

बिल्कुल नजदीक से एक ही हाथ से तीन आतंकवादियों को मार गिराया। कुल छह आतंकवादी मारे गए तथा इस ऑपरेशन में हथियार तथा गोलाबारूद की बड़ी मात्रा बरामद की गई।

मेजर चिराग सिंह बड़क ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में अदम्य साहस तथा व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

5. **आईसी-60843 मेजर श्रीनिवासन विक्रम चैरियन, गढ़वाल राइफल/14 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 अप्रैल, 2008)

02 अप्रैल, 2008 को मेजर श्रीनिवासन विक्रम चैरियन ने बांदीपुर के एरिन बाउल में दो विदेशी आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में आसूचना प्राप्त की। उन्होंने उनकी गतिविधियों की मानीटरी करने के लिए लम्बी रेंज की टोह तथा निगरानी प्रणाली को तुरंत चालू किया तथा आतंकवादियों को फांसने के लिए विभिन्न दिशाओं से चार छोटी टीमों को भेजा । चार घंटे तक लगातार चलने तथा रणनीतिक कार्यप्रणाली अपनाने के पश्चात उन्होंने जम्मू-कश्मीर के दरदपुरा गांव के एक घर में प्रवेश करते आतंकवादियों को देखा । हैरतअंगेज इरादे के साथ खामोशी रखते हुए इस अफसर ने लक्षित घर को घेर लिया। आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी की तथा हथगोले फेंके । इस अफसर ने अपनी पार्टी को तैनात किया तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादियों के निकट गए। मेजर चैरियन ने घर से आतंकवादियों को निकालने के लिए तलाशी पार्टी के आगे रहकर नेतृत्व किया । तीव्र प्रतिकार्रवाई तथा अडिग साहस का प्रदर्शन करते हुए इस अफसर ने भारी तथा कारगर गोलीबारी करके निकट से दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस प्रकार शुरू हुई गोलीबारी की लड़ाई में उनका साथी बुरी तरह घायल हो गया। अफसर पेट के बल रेंगकर घायल सैनिक के पास गए तथा उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर उसके जीवन को बचाया।

मेजर श्रीनिवासन विक्रम चैरियन ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में असाधारण साहस तथा वीरता, सैनिकोचित रणकौशल का प्रदर्शन किया ।

6. **आईसी-55535 मेजर राजेश सिंह, सेमे, राजपूताना राइफल्स/18 राष्ट्रीय राइफल्स**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 अप्रैल, 2008)

कंपनी कमांडर मेजर राजेश सिंह ने कंपनी को आतंकवादरोधी कारगर प्रशिक्षण दिया तथा आसूचना-सह-निगरानी ग्रिड की स्थापना की जिसमें 20 वर्ग कि.मी. का दायित्व क्षेत्र शामिल था । उनके मुखबिर द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर मेजर राजेश ने 8000 फुट की ऊंचाई पर अमरी बैहक सामान्य क्षेत्र में तलाशी तथा विनाश ऑपरेशन की योजना बनाई । उन्होंने कड़ी युद्ध कवायदों को तैनात करके लक्षित क्षेत्र में आवाजाही की सुरक्षा सुनिश्चित की ।

आतंकवादी पदचिन्हों की स्काउट द्वारा पहचान करने पर मेजर राजेश ने गुप्त रूप से प्लाटून को तैनात किया जिससे बच निकलने का रास्ता बंद हो गया । प्रथम आतंकवादी का पता लगने पर उन्होंने अपने साथी के साथ आतंकवादी का पीछा किया तथा आतंकवादी को मार गिराया । पुनः तलाशी शुरू करने पर मेजर राजेश का राइफलमैन वकील के साथ भिड़ रहे एक अन्य आतकवादी से आमना-सामना हो गया । उन्होंने राइफलमैन वकील को जमीन की तरफ धकेल दिया तथा आतंकवादी को मार दिया । मेजर राजेश के साथी राइफलमैन रिज़वान ने मेजर राजेश पर निशाना लगा रहे अन्य आतंकवादी को देखा । राइफलमैन रिज़वान ने मेजर राजेश को बचाव की कार्रवाई करने की चेतावनी दी और मेजर राजेश की कवर गोलीबारी का सही इस्तेमाल करके आतंकवादी को मार गिराया । भिडंत में कंपनी ने हताहत होने का नुकसान उठाए बिना चार आतंकवादियों को मार गिराया ।

मेजर राजेश सिंह ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में बहादुरी, असाधारण नेतृत्व तथा संगठनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया ।

7. **13753884 लांस हवलदार अजिज मोहम्मद, 20 जम्मू-कश्मीर राइफल्स (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 मई, 2008)

11 मई, 2008 को 0700 बजे काली मंडी, साम्बा (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवादियों द्वारा सिविलियनों के बंधक बनाए जाने की सूचना मिलने पर 20 जम्मू-कश्मीर राइफल उनको निष्क्रिय करने के लिए तुरंत हरकत में आई। लांस हवलदार अज़ीज़ मोहम्मद तैनात टुकड़ी में शामिल थे।

बटालियन ने गहरा घेरा डाला। बंधकों को बचाने के प्रयास में लांस हवलदार अज़ीज़ मोहम्मद ने आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के बीच अग्रणी भूमिका निभाई तथा पांच महिलाओं, तीन बच्चों तथा एक पुरुष को सुरक्षित बचाया। जब आतंकवादियों ने बच निकलने का प्रयास किया तब

एक आतंकवादी से आमना-सामना हो गया। लांस हवलदार अजिज मोहम्मद ने उसे मौके पर ही मार दिया तथा स्वयं भी बुरी तरह से घायल हो गया । इसी बीच दूसरा आतंकवादी उस पर झपटा। व्यक्तिगत सुरक्षा तथा घावों की बिल्कुल भी परवाह किए बिना उन्होंने गोली चलाई तथा दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया । तथापि, वे घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए तथा बहादुरी से लड़ते हुए बलिदान दिया ।

लांस हवलदार अजिज मोहम्मद ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई में विकट परिस्थितियों के बावजूद अडिगता तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

8. **आईसी-61732 मेजर रमन यादव , मेकेनाइज्ड इन्फैंट्री/42 राष्ट्रीय राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 मई, 2008)

17 मई, 2008 को 0650 बजे उत्तरी सेक्टर में लुराओ जागीर सामान्य क्षेत्र के एक गांव में सीआरपीएफ से सम्पर्क टूट जाने के बाद छह दुर्दांत आतंकवादी बच निकले तथा अखरोट के बाग में छुप गए। 0800 बजे आतंकवादियों के साथ भयंकर भिडंत हो गई। मेजर रमन यादव ने जोरदार आक्रमण करते हुए उद्यान में प्रवेश किया। कुशल युद्ध कला का प्रदर्शन करते हुए यह अफसर पेट के बल रेंगकर पचास मीटर तक गए तथा आगे बढ़कर भारी मात्रा में हथगोलों का सामना करते हुए एक विदेशी दुर्दांत आतंकवादी को मार गिराया । अपनी टुकड़ी पर भीषण गोलीबारी करते अन्य आतंकवादी को देखकर यह अफसर स्वचालित हथियारों की भारी गोलीबारी का सामना करते हुए आगे बढ़े तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करके बहुत नजदीक से अन्य आतंकवादी को मार गिराया। इसके अलावा, इस अफसर ने निर्बाध कवरिंग फायर उपलब्ध कराकर तथा आतंकवादी को बगल से घेर कर कैप्टन विनय कुमार शर्मा द्वारा एक और आतंकवादी का काम तमाम करने में सहायता की।

मेजर रमन यादव ने ऑपरेशन की सफलता हेतु अटल तथा निस्वार्थ कर्त्तव्यपरायणता, फौलादी आक्रमण तथा असाधारण मानसिक सचलता का प्रदर्शन किया ।

9. **जीएस-174436पी ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II सुरिन्द्र पाल, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 मई, 2008)

26 मई, 2008 को ड्राइवर ट्रांसपोर्ट मेकेनिकल सुरिन्द्र पाल ने 529 स्टोर सप्लाई तथा ट्रांसपोर्ट कंपनी से राशन एकत्रित किया तथा 64 आरसीसी के लिए रवाना हुआ। इसी वाहन में कुछ सीमा सड़क संगठन के कार्मिक भी यात्रा कर रहे थे। ये यूनिटें मेघालय में अवस्थित हैं जो विभिन्न आतंकवादी तथा विद्रोही संगठनों से प्रभावित है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-62 पर किलोमीटर 31.00 के निकट 1440 बजे आतंकवादियों द्वारा चलाई जा रही एक लाल रंग की टाटा सूमो प्रतीक्षारत थी । वे सीमा सड़क संगठन के वाहन को रोकने तथा काबू करने में सफल हो गए । काबू करने की प्रक्रिया में उग्रवादियों ने गोलीबारी कर दी तथा एक गोली ड्राइवर एमटी सुरिन्द्र पाल की छाती में लगी । इससे गंभीर घाव हो गए । घायल होने के बावजूद ड्राइवर एमटी सुरिन्द्र पाल ने सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया तथा गेयर को न्यूट्रल में डाल दिया और ब्रेक लगाकर वाहन को रोक दिया । इसके तुरंत बाद वह वाहन के स्टीयरिंग पर गिर गए तथा घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

ड्राइवर सुरिन्द्र पाल ने असाधारण वीरता तथा सूझ-बूझ का परिचय दिया जिससे न केवल साथियों का जीवन बचा बल्कि सरकारी भण्डार तथा वाहन भी बच गए जो अन्यथा घाटी में गिर गए होते।

ड्राइवर एमटी सुरिन्द्र पाल ने अपनी ड्यूटी का निर्वाह करते समय सर्वोच्च बलिदान दिया ।

10. <u>ग्रुप कैप्टन सुर्यकांत चिंतामण चापेकर (17013), उड़ान (पायलट)</u>

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 मई, 2008)

31 मई, 2008 को ग्रुप कैप्टन सुर्यकांत चिंतामण चापेकर को एएन-32 विमान को लेकर दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर प्रथम परीक्षण लैंडिंग करने हेतु तैनात किया गया था।

डीबीओ एएलजी मुख्य समुद्री तल से 16200 फुट की ऊंचाई पर हिमालय की घाटी में स्थित है तथा यह विश्व में सर्वाधिक ऊंची हवाई पट्टी है । एएल-32 विमान के शामिल होने के समय से ही भारतीय वायुसेना तथा भारतीय सेना के विभिन्न विशेषज्ञ दल से एएम-32 विमान को डीबीओ पर उतारने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए कहा गया था । एकमत से इन सभी दलों का अभिमत था कि विभिन्न कारणों से एएन-32 विमान को डीबीओ पर उतारना व्यवहार्य नहीं है । ग्रुप कैप्टन एस सी चापेकर, पट्टी की समूह निगरानी करने के बाद, भारतीय वायुसेना की प्रदर्शन-मंजुषा प्रस्तुत करने, विमान के चालक दल में विश्वास पैदा करने तथा सबसे अधिक अक्साई चीन क्षेत्र में भू-सेनाओं में मनोबल वर्धक के रूप में एएन-32 विमान को हवाई पट्टी पर उतारने की पहल करने का प्रस्ताव किया । वे खराब मौसम, प्रतिकूल भू-प्रवेश तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा की समीपता जैसी अनेक कठिनाइयों के बावजूद विनिर्माता द्वारा परिकल्पित उड़ान मण्डल से परे विमान का संचालन करने का दुसाध्य कार्य शुरू करने के लिए स्वेच्छा से तैयार हो गए । नगण्य त्रुटियों से युक्त मिशन को अत्यधिक व्यवसायिक तथा प्रशंसनीय ढंग से निष्पादित किया जो अटल साहस की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है । उन्होंने यह असंभव सा प्रतीत होने वाला कार्य शुरू करने के लिए स्क्वाड्रन चालक दल को प्रेरित करने में अदम्य इरादे तथा एकल मनस्क प्रयोजन का प्रदर्शन किया।

ग्रुप कैप्टन सुर्यकांत चिंतामण चाफेकर ने एएन-32 विमान द्वारा कभी शुरू किए गए में से एक सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण मिशनों में असाधारण साहस का प्रदर्शन किया जिससे आने वाले वर्षों में भारतीय वायुसेना की संक्रियात्मक क्षमता में और अधिक वृद्धि होगी।

11. आई सी-65357 मेजर विजयंत चौहान, से मे, सेना सेवा कोर/57 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 02 जून, 2008)

02 जून को जम्मू एवं कश्मीर के एक गांव में दो विदेशी दुर्दांत आतंकवादियों के होने के बारे में पुख्ता आसूचना के आधार पर मेजर विजयंत चौहान ने संदेहास्पद घर के चारों ओर तुरंत घेरा डाल दिया । घर की तलाशी के दौरान दीवार में छिपने की जगह का पता चला । जब दूसरे साथी ने छिपे होने की जगह के रास्ते से फलकों को हटाया, तो उन्होंने देखा की एक आतंकवादी खोजी पार्टी के ऊपर हथगोला फेंकने को तैयार था । आतंकवादी के हथगोला फेंकने से पहले ही अफसर ने उसे गोली मार दी और इस प्रकार अपनी टुकड़ी को हताहत होने से बचा लिया । दूसरा आतंकवादी खोजी पार्टी के ऊपर गोलीबारी करने लगा। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अफसर ने आतंकवादी को नजदीक से घेर लिया और उसे भी मार डाला।

कर्तव्यपरायणता से भी बढ़कर असाधारण साहस का परिचय देते हुए अफसर ने वीरतापूर्वक कार्य करके दो विदेशी दुर्दांत आतंकवादियों को मारकर साहसिक कार्य का व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत किया । इस आपरेशन में अफसर ने ठोस खुफिया आसूचना प्राप्त करने और मिशन को पेशेवर तरीके से निष्पादित करने की युक्ति का प्रदर्शन किया।

मेजर विजयंत चौहान ने आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में अदम्य साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

12. देव कुमार, सिपाही, जनरल ड्यूटी, सी टी/जी डी, इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 जून, 2008)

5 जून, 2008 को भी देव कुमार युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान में सड़क निर्माण कार्य के अंतर्गत परियोजना जारंज गुडगुडी में कार्यरत बी आर ओ के कार्मिकों के काफिले को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रक्षा के रूप में तैनात थे ।

जब बी आर ओ का काफिला मुख्य सड़क के पास पहुंचने वाला था ताकि काफिले के सुरक्षित ढंग से निकलने के लिए यातायात को नियंत्रित किया जा सके तब श्री देव कुमार अपने एस्कार्ट रक्षक वाहन से बाहर आए। अचानक, उन्होंने देखा कि एक कोरोला कार तेजी से काफिले की ओर आ रही है। उन्होंने गाड़ी के रुकने का इशारा किया किंतु यह नहीं रुकी। उन्होंने गाड़ी पर तीन चक्र गोली दाग

दी। गाड़ी का चालक (आत्मघाती बमबर) श्री देव कुमार की अप्रत्याशित कार्रवाई से दंग रह गया और घबराकर उसने विस्फोटक भरी गाड़ी को मुख्य काफिले के पास पहुंचने के पहले ही डिटोनेट कर दिया । इस प्रकार श्री देव कुमार 23 कार्मिकों वाले इस काफिले को बचा पाने में सफल रहे । तथापि, उन्हें विस्फोटक से गंभीर चोट लग गई और मौके पर ही अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

श्री देव कुमार ने अनेक बी आर ओ/आई टी बी पी कार्मिकों की जान बचाने में अनुकरणीय समर्पण एवं असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया ।

13. <u>एस सी-00137 मेजर राजिंदर कुमार शर्मा, ग्रेनेडियर्स/32 असम राइफल</u>

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 जून, 2008)

मेजर राजिंदर कुमार शर्मा अपने साहसपूर्ण कार्यों के लिए अपनी ही टुकड़ी और समूचे मणिपुर में मिसाल बन चुके हैं। वे बिना भय के अगले मोर्चे से कार्रवाई करते हैं और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं के अनुरूप भीषण गोलीबारी में साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में जाने जाते हैं।

उन्होंने व्यापक आसूचना नेटवर्क निर्मित किया है। 7 जून, 2008 के उन्हें पुख्ता खुफिया सूचना मिली की हथियारों से लैस आतंकवादी अपकर्षण के इरादे से एक गाड़ी में आ रहे हैं । अफसर अपनी टीम के साथ रवाना हो गया और बड़ी बुद्धिमानी से घात लगा दिया।

7 जून, 2008 को 7 बजकर 30 मिनट पर, मेजर आर के शर्मा ने एक सिल्वर रंग की गाड़ी देखी । वे तुरंत सड़क पर आ गए और गाड़ी को रुकने का संकेत दिया। लेकिन गाड़ी में सवार आतंकवादियों ने उन्हें कुचल देने की कोशिश की । वे गाड़ी के सामने आ गए और गोलीबारी करने लगे और उन्हें भागने से रोक दिया।

आतंकवादि स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करते हुए नीचे उतरे । लेकिन इस सुनिश्चित मौत से वे बच गए । उन्होंने उन पर गोलीबारी की और एक आतंकवादी जो कार्बाइन से गोलीबारी कर रहा था, को बंदूक से मार गिराया । बाकी आतंकवादी अपने ए.के.47 और पिस्तौल से गोलीबारी करते हुए घने जंगल की ओर भाग निकले।

मेजर आर के शर्मा ने अपनी उप-टुकड़ी को तुरंत पुनः तैनात होने का आदेश दिया और उस इलाके को घेर लिया । भागने के प्रयास में आतंकवादी टुकड़ी के ऊपर पूरी ताकत के साथ गोलीबारी करने लगे और हथगोला फेंगने लगे ताकि साहसिक योद्धाओं को डिगया जा सके।

मेजर आर के शार्म ने हवलदार विनय और सब-इंस्पेक्टर अचैबा के साथ एक उप-टुकड़ी बनाई और इलाके की छानबीन करने के लिए घने जंगल की ओर प्रवेश किया किंतु आतंकवादियों द्वारा की गई सटीक गोलीबारी में तुरंत आगे बढ़ने से रोक दिए गए।

कर्त्तव्यपरायणता से बढ़कर साहस का प्रदर्शन करते हुए मेजर आर के शर्मा ने अपनी उप-टुकड़ी को आड़ प्रदान करने का निदेश दिया। वह बेहिचक उठ खड़े हुए, सामने मौत का मुकाबला करते हुए अकेले ही आतंकवादियों के ऊपर गोलीबारी करने लगे और बड़े नजदीक से दो और आतंकवादियों को गोलीबारी की बौछार से मार गिराया।

मेजर राजिंदर कुमार शर्मा ने तीन दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने में कारगर आसूचना नेटवर्क साधकर अदम्य साहस एवं अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

14. **आई सी-59235 मेजर अमित सलाथिया, 11 ब्रिग्रेड ऑफ दी गार्ड**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 जून, 2008)

मेजर अमित सलाथिया ने ऊपरी असम क्षेत्र में हिंदी भाषी लोगों तथा पुलिस कार्मिकों की बर्बर हत्या, तोड-फोड़ तथा अपकर्षण आदि घटनाओं में लिप्त दुर्दांत आतंकवादियों के चारों ओर लगातार सुव्यवस्थित खुफिया नेटवर्क बनाए रखा।

10 जून, 2008 को भरोसेमंद सूत्रों से ज्ञात हुआ कि डिब्रूगढ़ (असम) जिले के एक गांव में 3-4 हथियारबंद साथियों के साथ एक दुर्दांत आतंकवादी मौजूद है। मुखबिर ने पहचान के डर से साथ चलने से मना कर दिया। अफसर ने इस क्षेत्र की बखूबी जानकारी के आधार पर एक कारगर आपरेशन की योजना बनाई और चाय बागान गाड़ियों में छिपे लक्ष्य क्षेत्र के पास पहुंच गया। ज्योंहि हमलावर टुकड़ी संदेहास्पद घर के पास पहुंची आतंकवादियों ने बड़े करीब से उस पर अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी। बिना विचलित हुए, अदम्य साहस एवं हिम्मत प्रदर्शित करते हुए अफसर ने जवाबी गोलीबारी की और गोलियों की बौछार के बीच आतंकवादियों को घेर लिया और अकेले ही भयानक मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी को मार गिराया।

1750 बजे सूबेदार सवार की पार्टी ने उत्तर की ओर से आतंकवादियों को उलझाए रखा। घिरे होने के कारण आतंकवादियों ने संपर्क तोड़ने की कोशिश की। मेजर अमित और साथी हवलदार सुरेन्द्र नाथ पांडेय अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना गोलीबारी के बीच दूसरी पार्टी को मदद पहुंचाने के लिए आगे बढ़ गए। अंधेरे का फायदा उठाते हुए आंतकवादी भागने लगा। अफसर ने अपने साथी के साथ निष्ठा एवं साहस का प्रदर्शन करते हुए उसका 300 मीटर तक पीछा किया । इस प्रकार वह अंधेरे में आंतकवादी की बंदूक से गोली चलने पर होने वाली चमक को निशाना बनाकर उसे उलझाए रखा। उन्होंने इस स्वयंभू कारपोरल को घेर लिया और मार गिराया। इस आपरेशन में तीन शीर्ष आंतकवादी नेतृत्वकर्त्ताओं का सफाया हो गया और तीन ए के 47/56 राइफलें और भारी मात्रा में हथियार एवं गोलीबारूद प्राप्त हुए।

मेजर अमित सलाथिया ने अदम्य साहस कर्त्तव्यपरायणता से भी बढ़कर निर्भीक वीरता का प्रदर्शन किया और ऊपरी असम क्षेत्र में आतंकवादी नेतृत्व का सफाया कर दिया।

15. **नी ओ 3423 वाई सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सिविल), संतोष कुमार सिंह, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 13 जून,2008)

सहायक कार्यकारी इंजीनियर सिविल संतोष कुमार सिंह जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एक स्नातक थे, 118 रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी के अंतर्गत 170 फार्मेशन कटिंग प्लाटून के प्रभारी अधिकारी थे। वे किस्तवार थिाल दर्रे से राष्ट्रीय राजमार्ग 1 ए जाने वाले सड़क के निर्माण के लिए जिम्मेवार दल के सदस्य थे। यह कश्मीर घाटी को देश के बाकी भागों से जोड़ले के लिए वैकल्पिक केंद्र है क्योंकि इस समय केवल एक ही केंद्र एन एच आई ए कश्मीर घाटी को जोड़ती है। सड़क के निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्माण से रक्षा तैयारी तो दुरस्त होगी ही साथ ही राज्य का आर्थिक विकास भी होगा।

सीमा पार से भारी घुसपैठ के खतरों के बावजूद सीमा सड़क विकास संगठन के निर्भीक एवं साहसी कार्मिक इस दुर्गम क्षेत्र में काम करते हैं और इस समय निहत्थे ही बिना किसी सुरक्षा के सड़क के बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। 13 जून, 2008 को सहायक कार्यकारी इंजीनियर सिविल संतोष कुमार सिंह लेफ्टिनेट कर्नल अजय वर्मा आफिसर कमांडिग 118 आर सी सी से किस्तवार सिन्थाल-अनंतनाग सड़क पर सिन्थान टाप के साथ कार्य के निरीक्षण तथा संसाधनों की तैनाती कराने के लिए साथ-साथ गए।

सड़क का निरीक्षण कार्य पूरा होने पर लौटते समय 59 किलोमीटर पर उन पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया और उग्रवादी उन पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे और उन्हें गंभीर चोट लग गई। बाद में अफसर अपने घावों के कारण से वीरगति को प्राप्त हो गए।

सहायक कार्यकारी इंजीनियर सिविल संतोष कुमार सिंह ने उच्च कोटि के साहस, कर्तव्य परायणता एवं घुसपैठ प्रभावी क्षेत्र में ड्यूटी देने में अपनी तकनीकी कुशलता का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

16. **जीएस-168545एल ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II जयकृत सिंह रावत, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 13 जून, 2008)

ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II जयकृत सिंह रावत 118 रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी सेक्टर में चालक मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट के रूप में नियुक्त थे । यह सड़क निर्माण कंपनी किस्तवाड़ सिन्थाल दर्रे से राष्ट्रीय राजमार्ग के दोहरीकरण विशिष्टिता वाले सड़क निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए उत्तरदायी है । कश्मीर घाटी को वैकल्पिक धुरी के साथ जोड़ने के कारण इस सड़क का महत्व और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि इस समय केवल एक ही धुरी राजमार्ग 1ए है जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी भागों से जोड़ता है । इस सड़क के समयबद्ध निर्माण से रक्षा तैयारी और राज्य के आर्थिक विकास में सुविधा होगी ।

13 जनवरी 2008 को ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II जयकृत सिंह रावत लैफ्टिनेंट कर्नल अजय वर्मा, कमांडिंग अफसर, 118 आरसीसी सिन्थान टाप से सड़क किस्तवाड़ सिथल अनन्तनाग के साथ सड़क कार्य एवं माल मुहैया कराने संबंधी निरीक्षण कार्य पर थे । सड़क निरीक्षण कार्य पूरा होने के बाद, जब वे वापस आ रहे थे उनकी गाड़ी पर 59 कि.मी. पर उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया और अंधाधुंध गोलीबारी करके उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया । बाद में ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II जयकृत सिंह रावत अपनी चोट के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II जयकृत सिंह रावत एक कर्मठ एवं कुशल चालक थे जो बिना किसी भय के भारी घुसपैठ प्रभावी पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र में कठिन समय में भी गाड़ी चलाते थे ।

ड्राइवर मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-II जयकृत सिंह रावत ने अत्यधिक आतंकवादी प्रभावित दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में उल्लेखनीय कर्त्तव्यभाव, दृढ़ निश्चय एवं साहस का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया ।

17. **आईसी-67186 कैप्टन अनिल धीमान, तोपखाना रेजिमेंट/268 फील्ड रेजिमेंट**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 15 जून, 2008)

15 जून, 2008 को कैप्टन अनिल धीमान को यह सूचना प्राप्त हुई कि असम के शिव सागर जिले के एक गांव में आतंकवादी मौजूद हैं । मोर्चा संभालते हुए वे युक्तिपूर्ण ऑपरेशन में निपुणता का परिचय देते हुए, नाले को एक ही बार में पार करते हुए लक्षित स्थान की ओर गए और घने जंगल क्षेत्र में पेट के बल चल कर आतंकवादियों को आश्चर्यचकित कर दिया और उनके निकलने का रास्ता रोक दिया।

बड़े नजदीक से घेरा डालते समय उनकी टुकड़ी भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई । बिना डरे यह अफसर लक्षित घर के निकट गए और भागने के रास्तों को बंद करने के लिए स्टाप सैनिकों को पुनः तैनात किया । अदम्य साहस का परिचय देते हुए अफसर घर के प्रवेश तक पेट के बल रेंग कर गया हालांकि दो आतंकवादी दौड़कर अंधाधुंध गोलियां बरसाने लगे। उन्हें भागते देखकर, अफसर ने गोलीबारी की और मौके पर एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि दूसरा आतंकवादी एके-46 राइफल से गोलीबारी करते हुए बाग की ओर भाग निकला। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए अफसर ने आतंकवादी पर गोलियों की बौछार कर दी और उसे मार डाला।

इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप चार दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया हुआ और भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद हुआ । कैप्टन अनिल धीमान ने आतंकवादियों के खिलाफ लड़ते हुए प्रेरणादायी नेतृत्व, अटूट दृढ़ निश्चय और पुख्ता आसूचना एकत्र करने के कौशल का प्रदर्शन किया ।

18. **जेसी-520181 सूबेदार धियान सिंह, डोगरा रेजिमेंट/20 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 29 जून, 2008)

29 जून, 2008 को 1715 बजे, एक घुसपैठी आतंकवादी दल के आने का पता चलने पर सूबेदार धियान सिंह तीन जवानों के साथ आतंकवादियों के भागने के रास्ते को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण ठिकाना प्राप्त करने के लिए दौड़े । 30 जून को दिन में 0100 बजे बिल्कुल प्रतिकूल मौसम होने तथा घना कोहरा होने के बावजूद भी वह भाग रहे छह आतंकवादियों के दल को चुनौती देने के लिए आगे बढ़े । आतंकवादियों ने भारी स्वचालित हथियारों से जवाबी कार्रवाई की । अपनी जान का भारी खतरा होने के बावजूद भी उन्होंने उन्हें पकड़ने के लिए घेरे को तोड़ दिया और दोनों तरफ की भारी गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया । इस दौरान उन्हें गोली से गहरी चोट लग गई और एक तीखे ढाल से लुढ़क गए । भारी मात्रा में खून बहने और गंभीर चोट के बावजूद बड़े पास से उन्होंने आतंकवादियों को घने अंधेरे में एक घंटे से अधिक समय तक उलझाए रखा और पेट के बल आगे बढ़ते हुए चोट के कारण वीरगति प्राप्त होने से पहले दूसरे आतंकवादी को मार गिराया । उनके हिम्मत भरे कारनामे एवं निस्वार्थ सेवा से आतंकवादी घबरा गए और उनके भागने के रास्तों को रोका गया । इसके परिणामस्वरूप 12 आतंकवादियों के समूह वाले इस समूचे दल का सफाया हो सका ।

सूबेदार धियान सिंह ने उल्लेखनीय वीरता और असाधरण शौर्य का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों के खिलाफ लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

19. **नीएस-172264एम भवन एवं सड़क अधीक्षक ग्रेड-1 एम सुन्दरम, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 02 जुलाई, 2008)

02 जुलाई, 2008 को तवाघाट-घटियाबगड़ पर एक भारी भू-स्खलन हो गया जिसके परिणामस्वरूप 20 मीटर की ऊंची मिट्टी की एक खड़ी एवं अस्थिर दीवार एवं एक बड़ी चट्टान खिसक कर नीचे गिर गए ।

अधीक्षक बीआर-1 एम सुन्दरम सड़क साफ करके खोलने के लिए तैनात थे । पर्यवेक्षक ने सड़क खोलने का ऑपरेशन प्रारंभ किया जो उनके दल एवं मशीनरी के लिए खतरनाक काम था । कुछ समय के बाद एक नया भूस्खलन शुरू हो गया और पहाड़ की तरफ ऐसे पत्थर भी गिरने शुरू हो गए। तथापि, भूस्खलन एवं बोल्डर से निडर रहकर पर्यवेक्षक एवं उनका दल सड़क सफाई ऑपरेशन करते रहे। तथापि, कुछ समय के बाद, पत्थर गिरना और भी तेज़ हो गया । पर्यवेक्षक एम सुन्दरम ने अपनी सूझ-बूझ के साथ और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने लोगों को चेतावनी दी और खतरनाक ज़ोन से बाहर निकाल लिया । इस प्रक्रिया में उनके अकेला रह जाने के कारण एक लुढ़कता हुआ पत्थर अधीक्षक बीआर-1 सुन्दरम के सिर पर गिर गया, जिसके कारण उनका अपना संतुलन बिगड़ गया और वे 60 मीटर गहरे नाले में गिर गए जहां तुरंत उनकी मृत्यु हो गई।

अधीक्षक बीआर-1 एम सुन्दरम ने अपने साथी कार्मिकों का जीवन बचाने की कोशिश करते समय प्रतिकूल परिस्थितियों में असामान्य साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया ।

20. **2998941 लांस नायक बनाई सिंह गुर्जर, 22 राजपूत रेजिमेंट**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 जुलाई, 2008)

28 जुलाई 2008 को लांस नायक बनाई सिंह गुर्जर, 22 राजपूत रेजिमेंट के आत्मा कंपनी की प्रेक्षण चौकी में तैनात थे, तभी उन्होंने एक श्वेत ध्वज के साथ शत्रु को नियंत्रण रेखा से पैदल चलकर हमारे क्षेत्र में आते हुए देखा और बाद में छल-कपट से गोलीबारी करके नियंत्रण रेखा के निकट हमारे गश्ती दल पर हावी होने की कोशिश की । लांस नायक बनाई सिंह प्रेक्षण चौकी से गोलीबारी करने का मोर्चा लेने के लिए बढ़ गए और ज्योंही शत्रु ने हमारे गश्ती दल को निशाना बनाने के लिए तीव्र गोलीबारी की, वह भीषण गोलीबारी की चपेट में आ गए जिसमें एक जवान मारा गया । रेंगते हुए आगे बढ़कर, उन्होंने स्थान बदल लिया और अपनी हल्की मशीनगन से सही ऑटोमैटिक गोलीबारी कर दी जिससे एक अधिकारी सहित दो शत्रु सैनिकों को मार दिया गया जिसके परिणामस्वरूप शत्रु पक्ष का मनोबल टूट गया । अपनी जगह पर अटल रहकर उन्होंने छिन्न-भिन्न हो रहे शत्रुओं को और अधिक हताहत किया।

भीषण गोलीबारी में उन्होंने मृत सहकर्मी का शव निकालने के लिए सहायता की और अपने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए कंपनी कमांडर की मदद की ।

लांस नायक बनाई सिंह गुर्जर ने आतंकवादियों के साथ लड़ते समय असामान्य सामरिक अनुभव एवं साथियों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया।

21. **3189649 नायक सुखवीर, जाट रेजिमेंट/45 राष्ट्रीय राइफल्स**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अगस्त, 2008)

22 अगस्त, 2008 को 0330 बजे नायक सुखवीर जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नौनार में आंतकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने पर अपने कंपनी कमांडर के साथ चल पड़े । दल एक कठिन एवं पहाड़ी क्षेत्र पर तेज चाल में लक्ष्य स्थान पर पहुंच गया और भागने के रास्तों को बंद करने के लिए दो दलों में बंट गया एक दल नायक सुखवीर के अधीन था।

नायक सुखवीर ने चार आतंकवादियों को एक गुफा के अंदर आड़ लेते हुए देखा । असाधारण सामरिक कुशाग्र बुद्धि का प्रदर्शन करते हुए और मैदान का निपुणतापूर्वक उपयोग करते हुए वे छिपे हुए स्थान के निकट बढ़ गए और छिपे हुए स्थान पर गोलीबारी की बौछार करके आतंकवादियों को बचने से रोक दिया।

अगले दिन सुबह फंस गए चार आतंकवादियों में से दो ने नायक सुखवीर के दल पर गोलीबारी करके भागने की कोशिश की । परिपक्वता, नेतृत्व एवं सामरिक कुशाग्र बुद्धि का प्रदर्शन करके नायक सुखवीर ने दोनों आतंकवादियों को अत्यंत निकट से में मार डाला । अन्य दो आतंकवादियों को बाद में 56 राष्ट्रीय राइफल के सैनिकों के द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया।

आतंकवादियों का मार गिराने में नायक सुखवीर ने असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व गुण का प्रदर्शन किया ।

